राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने बीकानेर स्थित अभिलेखागार संग्रहालय का किया अवलोकन

जयपुर/बीकानेर, 24 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने सोमवार को बीकानेर स्थित अभिलेखागार के संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां पुरंदर की संधि के माध्यम से शिवाजी महाराज और राजपूताना के संबंधों के संरक्षित दस्तावेजीकरण को महती बताया। उन्होंने महाराणा प्रताप दीर्घा, स्वतंत्रता सेनानी गैलेरी के अलावा ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा महत्वपूर्ण अभिलेखों का अवलोकन किया।

राज्यपाल ने संग्रहालय में राजस्थान के ऐतिहासिक, प्रशासनिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े विभिन्न अभिलेखीय दस्तावेजों का अवलोकन किया। शाही फरमान, महाराणा प्रताप कालीन ताम्रपत्र देखकर इनके संरक्षण कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सभी दस्तावेज आने वाली पीढ़ियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

1663
शिवाजी महाराज द्वारा मुगल सूबेदार
शाइस्ता खां पर आक्रमण
Mughal Governor Shaista Khan
attacked by Shivaji Maharaj

1664
सुरत पर आधिपत्य
Mastery over Surat
शिवाजी महाराज के विरुद्ध मिर्जा राजा
जयसिंह की मुगल सेनापति के रूप में नियुक्ति
Mirza Raja Jai Singh as the Mughal
Commander against Shivaji Maharaj
1665

जहांगीर
JAHANGIR